an>

Title: Regarding restoration of concession on Railway ticket fare to Senior Citizens

श्री रामदास तडस (वर्धा): माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करते हुए कहना है कि कोविड -19 के पूर्व काल की तरह वारिष्ठ नागरिकों को रेल विभाग द्वारा दी जाने वाली रेल यात्रा की छूट को जारी रखने का आग्रह करता हूँ । मुझे समाचार के माध्यम से जानकारी मिली है कि रेल मंत्रालय द्वारा जो वरिष्ठ नागरिकों को रेल यात्रा के लिए रियायत मिलती थी, उसको हमेशा के लिए बंद कर दिया गया है जो देश भर के लगभग 20 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों के साथ न्यायोचित व्यवहार नही है । इस अवस्था में यह रियायत जरूरी है| अतः माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करता हूँ कि कोविड -19 के पूर्वकाल की भाँति वारिष्ठ नागरिकों को रेल में यात्रा करने हेतु रियायत देने का कष्ट करें जिससे कि वारिष्ठ नागरिकों को रेल विभाग द्वारा एक बहुत बड़ा सहयोग जीवन के अंतिम पड़ाव में मिल सके ।